★ राधे तेरे चरणों की ★

राधे तेरे चरणों की यदि धूल जो मिल जाये ।
श्यामा तेरे चरणों की यदि धूल जो मिल जाये ।
सच कहता हूँ मेरी तकदीर बदल जाये ॥
सुनते हैं तेरी रहमत दिन रात बरसती है ।
इक बूँद जो मिल जाये दिल की कली खिल जाये ॥
राधे तेरे चरणों ....
ये मन बड़ चंचल है कैसे तेरा भजन करूँ ।
जितना इसे समझाऊँ उतना ही मचल जाये ॥
राधे तेरे चरणों ....
नजरों से गिराना ना चाहे कितनी सजा देना ।
नजरों से जो गिर जायें मुश्किल ही सम्हल पाये ॥
राधे तेरे चरणों ....
राधे इस जीवन की बस एक तमन्ना है ।
तुम सामने हो मरे मेरा दम ही निकल जाये ॥
राधे तेरे चरणों ....